संसद सदस्यों ने गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली 09 मई 2022: सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री सुश्री प्रतिमा भौमिक, संसद सदस्यों एवं पूर्व संसद सदस्यों ने आज गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती के अवसर पर संसद भवन में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर लोक सभा के महासचिव श्री उत्पल कुमार सिंह ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिंदी और अंग्रेज़ी में प्रकाशित गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई।

भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद ने 12 सितम्बर, 1958 को संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में पंडित मोतीलाल नेहरु के चित्र का अनावरण किया था।